**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**(राजस्व विभाग)**
**केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड**

**वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान**

# वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 192 के अंतर्गत वेतन से स्रोत पर कर की कटौती आयकर कटौती

**परिपत्र सं. 01/2019**

**नर्इ दिल्ली, 1 जनवरी, 2019**

## सूची


| पैरा नं. | | पृष्ठ नं. |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य | 1 |
| 2. | वित्त अधिनियम, 2018 के अनुसार आयकर की दरें | 1 |
| | 2.1 कर की दरें | 1 |
| | 2.2 आयकर का अधिभार | 2 |
| | 2.3.1 स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर | 3 |
| 3. | वेतन से स्रोत पर कर कटौती की विस्तृत योजना | 3 |
| | 3.1 कर गणना की विधि | 3 |
| | 3.2 नियोक्ता द्वारा गैर-मौद्रिक रियायत पर कर का भुगतान | 3 |
| | 3.2.1 औसत आय कर की गणना | 3 |
| | 3.3 एक से अधिक नियोक्ता से वेतन | 4 |
| | 3.4 राहत जब वेतन बकाया या उधार में दिया जाता हो | 4 |
| | 3.5 किसी अन्य शीर्षक के अंतर्गत आय से संबंधित सूचना | 4 |
| | 3.6 शीर्षक "गृह संपत्ति से आय" के अंतर्गत आय की गणना | 5 |
| | 3.7 अतिरिक्त या कम कटौती का समायोजन | 6 |
| | 3.8 विदेशी मुद्रा में दिया गया वेतन | 6 |
| 4. | कर की कटौती और अपने कर्तव्यों के लिए जिम्मेदार व्यक्ति | 6 |
| | 4.1 अधिनियम की धारा 204 की व्यवस्था | 6 |
| | 4.2 धारा 192 के अंतर्गत वेतन से कटौती की जाने के लिए निर्धारित कर | 7 |
| | 4.3 कम दर पर कर की कटौती | 7 |
| | 4.4 कर कटौती की जमा | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| | 4.4.1 टीडीएस के भुगतान के लिए नियत तिथियां | 7 |
| | 4.4.2 टीडीएस के भुगतान की विधि | 7 |
| | 4.5 कर कटौती को जमा करने में असफल होने पर ब्याज, शुल्क, जुर्माना व अभियोजन | 8 |
| | 4.6 कर कटौती के लिए प्रमाणपत्र की प्रस्तुति (धारा 203) | 9 |
| | 4.7 पैन और टैन का अनिवार्य उद्धृतीकरण | 12 |
| | 4.8 कर्मचारी (धारा 206कक) द्वारा पैन की प्रस्तुति की अनिवार्य आवश्यकता | 12 |
| | 4.9 धारा 200(3) के अंतर्गत कर की कटौती का विवरण (टीडीएस का त्रैमासिक विवरण) | 13 |
| | 4.10 पेंशन से आय पर टीडीएस | 14 |
| | 4.11 अनिवासी की स्थिति में किए गए टीडीएस से संबंधित मामले | 15 |
| 5. | शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत आय की गणना | 15 |
| | 5.1 शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत वसूलनीय आय | 15 |
| | 5.2 "वेतन", "रियायत" और "वेतन के स्थान पर लाभ" की परिभाषा (धारा 17) | 15 |
| | 5.3 शीर्षक "वेतन"(छूट) के अंतर्गत शामिल न होने वाली आय | 24 |
| | 5.4 वेतन से आय के रूप में अधिनियम की धारा 16 के अंतर्गत कटौती | 29 |
| | 5.5 अधिनियम के अध्याय VI-क के अंतर्गत कटौतियाँ | 30 |
| 6. | रू. 3.5 लाख तक कुल आय वाले व्यक्तियों के लिए रू. 2500 की छूट (धारा 87क) | 42 |
| 7. | अनुमोदित पेंशन कोष से अंशदान और प्राधिकृत भविष्य निधि के अंतर्गत संचित शेष के भुगतान पर टीडीएस | 42 |
| 8. | दावा की प्रमाणिकता के लिए अपने आप को संतुष्ट करने के लिए डीडीओएस | 44 |
| 9. | काटे जाने वाले आयकर की गणना | 44 |
| 10. | विविध | 45 |


## परिशिष्ट


| | | |
|---|---|---|
| I. | कुछ उदाहरण | 47-59 |
| II. | प्रपत्र सं. 12खक | 60-61 |
| IIक | प्रपत्र सं. 12खख | 62-63 |
| III. | कटौतीकर्ता/संग्राहक द्वारा त्रैमासिक र्इ-टीडीएस/टीसीएस की प्रस्तुति के लिए संशोधित प्रक्रिया | 64-65 |
| IV | प्रपत्र 24छ को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया | 66-72 |
| V | राज्य सरकार के विभाग/केंद्र सरकार के विभाग की स्थिति में प्रपत्र 24छ को दाखिल करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति | 73 |
| VI | धारा 200(3) के अंतर्गत कर की कटौती के त्रैमासिक विवरण को तैयार करने की प्रक्रिया | 74-76 |
| VII | आर्थिक मामला विभाग अधिसूचना दिनांक 22.12.2013 | 77 |

| | | |
|---|---|---|
| VIII | बोर्ड की अधिसूचना दिनांक 24.11.2000 | 78-79 |
| IX | बोर्ड की अधिसूचना दिनांक 29.01.2001 | 80 |
| X | प्रपत्र सं. 10खक | 81 |


**परिपत्र सं. 01/2019**

**एफ.नं. 275/192/2018-आर्इटी (बी)**

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

*****

नार्थ ब्लॉक, नर्इ दिल्ली,
दिनांक 1 जनवरी, 2019

**विषय : आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 192 के अंतर्गत वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान वेतन से आयकर कटौती**

परिपत्र सं. 29/2017, दिनांक 5-12-2017 के लिए संदर्भ आमंत्रित हैं जिसके द्वारा वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान आयकर अधिनियम, 1961 (तत्पश्चात 'अधिनियम') की धारा 192 के अंतर्गत शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत आय के भुगतान से आयकर की कटौती की दरों की सूचना दी गर्इ थी। वर्तमान परिपत्र में वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत वसूलनीय आय के भुगातन से आयकर की कटौती की दरें शामिल हैं और अधिनियम के कुछ संबंधित प्रावधानों और आयकर नियम, 1962 (तत्पश्चात् नियम) की व्याख्या करती है। प्रासंगिक अधिनियम, नियम प्रपत्र और अधिसूचना आयकर विभाग की वेबसाइट www.incometaxindia.gov.in पर उपलब्ध है।

**2. वित्त अधिनियम, 2018 के अनुसार आयकर की दरें**

वित्त अधिनियम, 2018 के अनुसार आयकर निम्नलिखित दरों पर वित्त वर्ष 2018-19 (यानी निर्धारण वर्ष 2019-20) के लिए शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत वसूलनीय आय से अधिनियम की धारा 192 के अंतर्गत काटा जाना आवश्यक है :

**2.1 कर की दरें**

**क. कर की सामान्य दरें :**

| क्र.सं. | **कुल आय** | **कर की दर** |
|---|---|---|
| 1 | जहां कुल आय रू. 2,50,000/- से अधिक नहीं होती | शून्य |
| 2 | जहां कुल आय रू. 2,50,000 से अधिक होती है लेकिन रू. 5,00,000 से अधिक नहीं होती | राशि का 5 प्रतिशत जिसके द्वारा कुल आय रू. 2,50,000/- से अधिक होती है |
| 3 | जहां कुल आय रू. 5,00,000 से अधिक होती है लेकिन रू. 10,00,000 से अधिक नहीं होती | रू. 12,500/- साथ ही राशि का 20 प्रतिशत जिसके द्वारा कुल आय रू. 5,00,000/- से अधिक होती है |
| 4 | जहां कुल आय रू. 10,00,000/- से अधिक होती है | रू. 1,12,500/- साथ ही राशि का 30 प्रतिशत जिसके द्वारा कुल आय रू. 10,00,000/- से अधिक होती है |

**ख. प्रत्येक व्यक्ति, भारत का निवासी जो वित्त वर्ष के दौरान किसी भी समय साठ वर्ष या उससे अधिक की आयु का है लेकिन अस्सी वर्ष से कम है उसके लिए कर की दरें।**

| क्र.सं. | कुल आय | कर की दर |
|---|---|---|
| 1 | जहां कुल आय रू. 3,00,000/- से अधिक नहीं होती | शून्य |
| 2 | जहां कुल आय रू. 3,00,000 से अधिक होती है लेकिन रू. 5,00,000 से अधिक नहीं होती | राशि का 5 प्रतिशत जिसके द्वारा कुल आय रू. 3,00,000/- से अधिक होती हो |
| 3 | जहां कुल आय रू. 5,00,000 से अधिक होती है लेकिन रू. 10,00,000 से अधिक नहीं होती | रू. 10,000/- साथ ही राशि का 20 प्रतिशत जिसके द्वारा कुल आय रू. 5,00,000/- से अधिक होती हो |
| 4 | जहां कुल आय रू. 10,00,000/- से अधिक होती है | रू. 1,10,000/- साथ ही राशि का 30 प्रतिशत जिसके द्वारा कुल आय रू. 10,00,000/- से अधिक होती है |

**ग. भारत में निवासी के तौर पर प्रत्येक व्यक्ति की स्थिति में जो वित्त वर्ष के दौरान किसी भी समय अस्सी वर्ष या उससे अधिक आयु का है :**

| क्र.सं. | कुल आय | कर की दर |
|---|---|---|
| 1 | जहां कुल आय रू. 5,00,000/- से अधिक नहीं होती | शून्य |
| 2 | जहां कुल आय रू. 5,00,000 से अधिक होती है लेकिन रू. 10,00,000 से अधिक नहीं होती | राशि का 20 प्रतिशत जिसके द्वारा कुल आय रू. 5,00,000/- से अधिक होती हो |
| 3 | जहां कुल आय रू. 10,00,000 से अधिक होती है | रू. 1,00,000/- साथ ही राशि का 20 प्रतिशत जिसके द्वारा कुल आय रू. 10,00,000/- से अधिक होती हो |

**2.2 आयकर पर अधिभार :**

इस पैराग्राफ के बाद के प्रावधानों के अनुसार आंके गए आयकर की राशि या अधिनियम की धारा 111क या धारा 112 या धारा 112क के प्रावधान, अधिनियम की धारा 2 के वाक्यांश (31) के उप-वाक्यांश (vii) में संदर्भित प्रत्येक व्यक्ति या हिंदु अविभाजित परिवार या व्यक्तियों के संघ या व्यक्तियों के निकाय, चाहे निगमित हो या नहीं, या प्रत्येक वैकल्पिक न्यायिक व्यक्ति की स्थिति में, निम्नानुसार होंगे :

(क) पचास लाख से अधिक की कुल आय रखता हो लेकिन एक करोड़ से अधिक न हो ऐसे आयकर के दस प्रतिशत की दर पर और

(ख) एक करोड़ से अधिक की कुल आय रखता हो ऐसे आयकर के पंद्रह प्रतिशत की दर पर

बशर्ते कि उक्त निर्दिष्ट व्यक्तियों की स्थिति में कुल आय निम्न से अधिक हो :-

(क) पचास लाख रूपए लेकिन एक करोड़ रूपए से अधिक नहीं, ऐसी आय पर आयकर और अधिभार के तौर पर देययोग्य कुल राशि, आय की राशि जो पचास लाख से अधिक है, की तुलना में पचास लाख की कुल राशि पर आयकर के तौर पर देययोग्य कुल राशि से अधिक नहीं होगा

(ख) एक करोड़ रूपए, ऐसी आय पर आयकर और अधिभार के तौर पर देययोग्य कुल राशि आय की राशि जो एक करोड़ से अधिक है, की तुलना में एक करोड़ की कुल राशि पर आयकर के तौर पर देययोग्य कुल राशि से अधिक नहीं होगी

**2.31 स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर**

आयकर पर शिक्षा उपकर और आयकर पर माध्यमिक और उच्च शिक्षा उपकर को हटा दिया गया है। हालांकि, "स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर" के नाम से एक नया उपकर अधिभार, जहां भी लागू हो, सहित आयकर के चार प्रतिशत की दर पर लगाया जाएगा। ऐसे उपकर के संबंध में कोर्इ सीमांत राहत उपलब्ध नहीं होगी।

**3. आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 192 : "वेतन" से स्रोत पर कर कटौती की विस्तृत योजना**

**3.1 गणना की विधि :**

प्रत्येक व्यक्ति जो शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत वसूलनीय किसी आय को देने के लिए जिम्मेदार है वह वित्त वर्ष 2018-19 के लिए शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत निर्धारिती की अनुमानित आय पर आयकर काटेगा। आयकर उक्त दी गरइ दरों के आधार पर आंका जाना आवश्यक है, अधिनियम की धारा 206कक के अनुसार पैन को प्रस्तुत करने की अनिवार्यता से संबंधित प्रावधानों के विषय पर, और प्रत्येक भुगतान के समय काटी जाएगी। हालांकि, कोरइ कर किसी स्थिति में स्रोत पर कर कटौती के लिए आवश्यक नहीं होगा जबतक रियायत की राशि सहित अनुमानित वेतन आय वित्त वर्ष के लिए रू. 2,50,000/- या रू. 3,00,000/- या रू. 5,00,000/- जो भी स्थिति हो सकती है, कर्मचारी के आयु के अनुसार, से अधिक के लिए (कर की गणना के कुछ प्ररूपी उदाहरण परिशिष्ट-I में दिए गए हैं)

**3.2 नियोक्ता द्वारा रियायत पर कर का भुगतान**

नियोक्ता को कर्मचारी को दिए गए गैर-मौद्रिक रियायतों पर कर का भुगतान करने का विकल्प दिया गया है। नियोक्ता, अपने विकल्प पर, कर्मचारी के वेतन से कोरइ टीडीएस किए बिना अपने आप ऐसे रियायतों पर कर का भुगतान कर सकता है। हालांकि, नियोक्ता को उस समय कर का भुगतान करना होगा जब ऐसा कर अन्यथा कटौती योग्य हो गया हो यानी की कर्मचारी के लिए शीर्षक वेतन के अंतर्गत वसूलनीय आय के भुगतान के समय

**3.2.1 औसत आय कर की गणना :**

उक्त पैरा 3.2 में निर्दिष्ट कर के भुगतान करने के लिए, कर वित्त वर्ष के लिए प्रभावी दर के आधार पर आंके गए आयकर के औसत पर निर्धारित किया जाना है, शीर्षक वेतन के अंतर्गत वसूलनीय आय, रियायत की राशि सहित जिसके लिए कर अपने आप नियोक्ता द्वारा दिया गया है।

**3.2.2 उदाहरण :**

सभी रियायतों सहित वर्ष के लिए साठ वर्ष की आयु से कम के एक कर्मचारी की शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत वसूलनीय आय रू. 4,50,000/- है जिसमें से रू. 50,000/- गैर-मौद्रिक रियायत के कारण है और नियोक्ता को उक्त पैरा 3.2 में चर्चित प्रावधानों के अनुसार ऐसे रियायत पर कर देने को चुनता हो।

**चरण**

| | |
|---|---|
| सभी रियायतों सहित शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत वसूले जाने वाली आय | रू. 4,50,000/- |
| कुल वेतन पर कर (उपकर सहित) | रू. 10,400/- |
| कर की औसत दर [(10,400/4,50,000)x100] | 2.31 प्रतिशत |
| रू. 50,000/- पर देययोग्य कर (50,000 का 2.31 प्रतिशत ) | रू. 1155/- |
| प्रत्येक महीने जमा किए जाने वाली आवश्यक राशि | रू. 96(रू. 96.25) = 1155/12 |

नियोक्ता द्वारा दिया गया ऐसा कर कर्मचारी के वेतन से किए गए टीडीएस होने के तौर समझा जाएगा

**3.3 एक से अधिक नियोक्ता द्वारा वेतन**

धारा 192(3) उस स्थिति के साथ व्यवहार करती है जहां एक व्यक्ति एक से अधिक नियोक्ताओं के अंतर्गत कार्य करता है या एक कर्मचारी जो एक से अधिक नियोक्ता से वेतन को प्राप्त करता है या प्राप्त कर रहा है, से दूसरे में परिवर्तित हो जाता है। यह कर्मचारी, जो एक से अधिक नियोक्ता से वेतन प्राप्त करता हो या किया हो, के कुल वेतन से ऐसे नियोक्ता (जैसा करदाता चुने) द्वारा स्रोत पर कर की कटौती मुहैया कराता है। कर्मचारी को अब पूर्व/अन्य नियोक्ता से प्राप्त या शेष प्रमुख "वेतन" के अंतर्गत आय के वर्तमान/चुने हुए नियोक्ता विवरणों को प्रस्तुत करना और पूर्व/अन्य नियोक्ता द्वारा और उसके द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित और लिखित में वहां से स्रोत पर कर कटौती भी आवश्यक है। वर्तमान/चुना हुआ नियोक्ता को वेतन की कुल राशि (पूर्व या अन्य नियोक्ता से प्राप्त वेतन सहित) पर स्रोत पर कर कटौती आवश्यक होगी।

**3.4 राहत जब वेतन बकाए या उधार में दिया जाता है :**

3.4.1 धारा 192(2क) के अंतर्गत निर्धारिती, एक सरकारी कर्मचारी, एक कंपनी, सहकारी संस्था, स्थानीय प्राधिकारी, विश्वविद्यालय, संस्थान, संघ या निकाय के तौर पर, धारा 89 के अंतर्गत राहत का हकदार है। वह पैरा (3.1) में संदर्भित भुगतान करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को प्रस्तुत कर सकता है, प्रपत्र सं. 10ड़ में ऐसे विवरण विधिवत रूप से उसके द्वारा सत्यापित होते है और इसके बाद जिम्मेदार व्यक्ति, उक्तकथितानुसार, ऐसे विवरणों के आधार पर राहत की गणना करेगा और उक्त पैरा (3.1) के अंतर्गत कटौती करने में विचारनीय होगा।

यहा "विश्विद्यालय" का अर्थ एक केंद्र, राज्य या प्रांतीय अधिनियम द्वारा संस्थापित या निगमित विश्वविद्यालय से है और उस अधिनियम हेतु विश्वविद्यालय होने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत घोषित संस्थान शामिल है।

**3.4.2** : 1/04/2010 (निर्धारण वर्ष 2010-11) से एक निर्धारिती के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की किसी योजना या योजनाओं के अनुसार उसकी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर या उसके सेवा की समाप्ति पर प्राप्त या प्राप्त होने वाली किसी राशि के संबंध में ऐसी राहत नहीं दी जाएगी या धारा 10(10ग)(i) (नियम 2खक के साथ पठित) में संदर्भ की गरइ एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी की स्थिति में, स्वेच्छा से अलग होने की योजना, यदि उसकी सेवा की ऐसी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या समाप्ति पर प्राप्त या प्राप्त होने वाली किसी राशि के संबंध में छूट या ऐसे या अन्य किसी निर्धारण वर्ष के संबंध में धारा 10(10ग) के अंतर्गत निर्धारिती द्वारा स्वैच्छिक पृथकीकरण का दावा किया गया हो।

**3.5 किसी अन्य शीर्षक के अंतर्गत आय से संबंधित सूचना :**

(i) धारा 192 (2ख) ऐसे करदाता को उसी वित्त वर्ष तथा उस पर स्रोत पर कर कटौती के लिए करदाता द्वारा प्राप्त "वेतन" (शीर्षक "गृह संपत्ति से वेतन के अंतर्गत नुकसान को छोड़कर ऐसे विषय के अंतर्गत नुकसान के तौर पर नहीं) को छोड़कर अन्य किसी विषय के अंतर्गत वेतन का विवरण को प्रस्तुत करने में सक्षम करती हैं। विवरण साधारण विवरण में भी प्रस्तुत किया जा सकता है जो नियम के नियम 26ख (2) के अंतर्गत निर्धारित तरीके से करदाता द्वारा उचित तरह से हस्ताक्षतरित अथवा सत्यापित हो और साधारण विवरण के अनुसार संबद्ध किया जाएगा। सत्यापन का प्रपत्र निम्नानुसार पुन:प्रस्तुत किया जाना है :

**मैं.............................................(निर्धारिती का नाम), घोषणा करता हूं कि उक्त कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है**

इस बात को दोहराया जाता हैं कि डीडीओ केवल "गृह संपत्ति से आय" विषय के अंतर्गत ही किसी भी नुकसान पर विचार कर सकते हैं। अन्य किसी भी विषय के अंतर्गत हुए नुकसान पर वसूले जाने वाले कर की राशि की गणना के लिए डीडीओ द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

**यह ध्यान दिया जा सकता है कि शीर्षक "गृह संपत्ति से आय" के अंतर्गत हानि को वित्त अधिनियम, 2017 के मार्फत अधिनियम की धारा 71 के लिए संशोधन को देखते हुए आय के किसी अन्य शीर्षक के अंतर्गत आय के साथ रू. 2.00 लाख तक ही समायोजित किया जा सकता है। इसलिए, रू. 2 लाख के अतिरिक्त शीर्षक "गृह संपत्ति से आय" के अंतर्गत हानि को कर कटौती की राशि की गणना के लिए नजरअंदाज किया जाना है।**

**3.6 भवन संपत्ति से आय विषय के अंतर्गत आय का ब्यौरा**

भवन संपत्ति द्वारा नुकसान पर विचार करने के दौरान डीडीओ को सुनिश्चित करना होगा कि कर्मचारी फाइल, ऊपर किए गए घोषणा को संदर्भित करें, तथा भवन संपत्ति से ऐसे नुकसान की गणना के अतिरिक्त संलग्न करना होगा। निम्नलिखित विवरण प्रत्येक भवन संपत्ति के लिए पृथक रूप से भवन संपत्ति से आय विषय के अंतर्गत किए जाने वाले नुकसान के दावे के संबंध में नियोक्ता द्वारा प्राप्त अथवा रखा जा सकता है।

क) सकल वार्षिक किराया/मूल्य

ख) नगरपालिका कर भुगतान, यदि हो

ग) ब्याज भुगतान, यदि हो, हेतु दावे में कटौती

घ) अन्य दावों का भुगतान

ड़) संपत्ति का पता

**डीडीओ धारा 192 (2घ) के साथ पठित नियम 26ग में निर्दिष्टानुसार ब्याज की कटौती के संबंध में प्रपत्र 12खख में प्रमाण या विवरणों की प्रस्तुति को भी सुनिश्चित करेगा।**

**3.6.1 भवन संपत्ति से आय की गणना के लिए उधार ली गरइ पूंजी पर ब्याज की कटौती के दावे के लिए शर्ते :**

अधिनियम की धारा 24 (ख) निम्नानुसार उधार ली गरइ पूंजी पर ब्याज पर भवन संपत्ति से प्राप्त आय से कटौती की स्वीकृति देता हैं :

(i) कटौती उस स्थिति में लागू होगी जब भवन संपत्ति उसके द्वारा खरीदी जाए तथा कर्मचारी स्वयं के रहने के लिए उसका प्रयोग करें। हालांकि, रोजगार के अन्य स्थान पर होने के कारण को देखते हुए संबंधित संपत्ति वास्तविक तौर पर कर्मचारी द्वारा प्रयोग नहीं की जाती

(ii) कटौती का भाग निम्न तालिका के अनुसार स्वीकार्य होगा

| क्र.सं. | उधार ली गर्इ पूंजी का उद्देश्य | उधार ली गर्इ पूंजी की तिथि | अधिकतम स्वीकार्य कटौती |
|---|---|---|---|
| 1 | भवन की मरम्मत अथवा नवीकरण अथवा पुन:निर्माण | किसी भी समय | रू. 30,000/- |
| 2 | भवन का अर्जन अथवा निर्माण | 01.04.1999 से पहले | रू. 30,000/- |
| 3 | भवन का अर्जन अथवा निर्माण | 01.04.1999 को अथवा इसके बाद | रू. 1,50,000/- (निर्धारण वर्ष 2014-15 तक) रू. 2,00,000/- (निर्धारण वर्ष 2015-16 से प्रभावी) |

उक्त क्रम सं. 3 की स्थिति में

(क) भवन का अर्जन अथवा निर्माण उस वित्त वर्ष के समाप्त होने के तीन वर्षों के भीतर होना चाहिए जिसमें पूंजी उधार ली गर्इ हैं। अत: डीडीओ के लिए यह आवश्यक है कि वह उस संपत्ति का समाप्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करे जिसके लिए कर्मचारी द्वारा स्व: घोषणा आधार पर अथवा निर्माणकर्ता द्वारा कटौती का दावा किया गया हैं

(ख) इसके आगे वित्त वर्ष से वित्त वर्ष, जिसमें संपत्ति अर्जित अथवा निर्माण (अधिनियम की अन्य कोर्इ धारा के अंतर्गत कटौती के तौर पर स्वीकार्य ब्याज के किसी भी भाग द्वारा कम) किया गया है, के लिए अग्रिम अवधि ब्याज उस साल तथा आगामी चार वित्त वर्षों में वित्त वर्ष के लिए समान किस्तों में काटी जाएगी।

(ग) कर्मचारी को डीडीओं के समक्ष उस व्यक्ति द्वारा एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें उसे देययोग्य ब्याज की राशि को निर्दिष्ट करते हुए उधार ली गर्इ राशि पर कोर्इ ब्याज देय हैं। यदि पुराने ऋण को चुकाने के लिए नया ऋण लिया गया है तो ऐसे चुकाए गए मूलधन तथा ब्याज के विवरण को दर्शाते हुए प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

पैरा 4.6.5 में चर्चितानुसार नियम 26ग के साथ पठित धारा 192(2घ) के अंतर्गत कटौतीपूर्ण ब्याज के संदर्भ में निम्नलिखित विवरणों/प्रमाणों को प्राप्त करने करना डीडीओ के लिए अनिवार्य है

(i) देययोग्य या दिया गया ब्याज

(ii) ऋणदाता का नाम

(iii) ऋणदाता का पता

(iv) ऋणदाता का पैन

ऋणदाता, वित्तीय संस्थान या नियोक्ता के तौर पर, का पैन अनिवार्य है यदि कर्मचारी के साथ उपलब्ध है हालांकि पैन को प्राप्त करने वाले अन्य ऋणदाता के मामले में पैन डीडीओ द्वारा अनिवार्य है

**3.7 कटौती का अधिकता अथवा कमी हेतु समायोजन**

धारा 192 (3) के प्रावधान कटौती करने वाले को यह अधिकार देते हैं कि वह वित्त वर्ष के दौरान पहले से किए गए कर की कटौती में किसी अधिकता या कमी का समायोजन कर सके, संबधित वर्ष के भीतर संबंधित कर्मचारी के लिए आगामी कटौती

**3.8 विदेशी मुद्रा में दिया गया वेतन :**

विदेशी मुद्रा में देययोग्य वेतन पर कर की कटौती के उद्देश्य के लिए ऐसे वेतन की रूपए में कीमत स्रोत से आपेक्षित कटौती वाले कर की तिथि के अनुसार ऐसी मुद्रा के "तार अंतरण क्रय दर" के आधार पर आंकी जाएगी। (नियम 26 देखें)

**4. कर तथा अपने अधिभार की कटौती हेतु उत्तरदायी व्यक्ति**

4.1 अधिनियम की धारा 204 (i) के अनुसार भुगतान, केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा भुगतान को छोड़कर के संदर्भ में धारा 192 के उद्देश्य के लिए "भुगतान हेतु उत्तरदायी व्यक्ति" का अर्थ स्वयं नियोक्ता अथवा यदि नियोक्ता कंपनी हो तो, उसके प्रधान अधिकारी सहित स्वंय कंपनी होगा। इसके आगे, धारा 204 (iv) के अनुसार, ऋण के संबंध में, अथवा जो भी स्थिति हो, भुगतान केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार, डीडीओ अथवा

अन्य किसी व्यक्ति जो भी नाम हो, ऋण के लिए उत्तरदायी व्यक्ति अथवा जो भी स्थिति हो, धारा 192 के उद्देश्य के लिए "भुगतान के लिए उत्तरदायी व्यक्ति" ऐसी रकम का भुगतान करेगा।

4.2 पैरा 9 के अनुसार निर्धारित कर अधिनियम की धारा 192 के अंतर्गत वेतन से वसूला जाना चाहिए।

**4.3 न्यूनतम दर पर कर कटौती**

नियोक्ता के क्षेत्राधिकार के टीडीएस अधिकारी कर्मचारी द्वारा प्रपत्र सं. 13 में उनके समक्ष परिपूरित आवेदन की प्रतिक्रिया में अधिनियम की धारा 197 के अंतर्गत कर की कोइ कटौती न होने अथवा न्यूनतम कटौती का प्रमाणपत्र जारी करें तो डीडीओ को ऐसे प्रमाणपत्र पर विचार करना चाहिए तथा यहां निर्दिष्ट दरों पर देययोग्य वेतन पर कर वसूलना चाहिए। (नियम 28 कक देखें) प्रमाणपत्र की विशिष्ट पहचान संख्या टीडीएस के त्रैमासिक विवरण में सूचना देना आपेक्षित हैं। (प्रपत्र 27 थ)

**4.4 कर कटौती को जमा करना**

केंद्र सरकार खाते के स्रोत पर कर कटौती के भुगतान की विधि तथा समय के लिए नियम 30 को संदर्भित करें

**4.4.1 टीडीएस के भुगतान के लिए नियत तिथि**

केंद्र सरकार के खाते में टीडीएस जमा कराने हेतु भुगतान/जमा करने का समय निम्नानुसार हैं:-

क) सरकारी कार्यालय की स्थिति में

| क्र.सं. | विवरण | समय जब तक जमा किया जाना हैं |
|---|---|---|
| 1 | बिना चालान कर भुगतान (पुस्तक प्रविष्टि) | उसी दिन |
| 2 | चालान सहित कर भुगतान | अगले महीने का 7वां दिन |
| 3 | नियोक्ता द्वारा जमा किये जाने हेतु चुने गए आधार पर कर भुगतान | अगले महीने का 7वां दिन |

ख) सरकारी कार्यालय को छोड़कर किसी अन्य स्थिति में

| क्र.सं. | विवरण | समय जब तक जमा किया जाना हैं |
|---|---|---|
| 1 | मार्च में कर कटौती | अगले वित्त वर्ष की 30 अप्रैल |
| 2 | किसी अन्य माह में कर कटौती | अगले महीने का 7वां दिन |
| 3 | नियोक्ता द्वारा जमा किए जाने हेतु चुने गए अनुलाभ पर कर | अगले महीने का 7वां दिन |

हालांकि, यदि डीडीओ अधिनियम 192 के अंतर्गत डीटीएस के त्रैमासिक भुगतान के स्वीकृति हेतु क्षेत्राधिकार/संयुक्त आयकर आयुक्त के समक्ष आवेदन करता है तो नियम 30(3) त्रैमासिक आधार तथा निम्न तालिका में दिए गए समय के अनुसार इसके भुगतान का अधिकार देता है :-

| क्र.सं. | वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही | तिमाही भुगतान की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 30 जून | 7 जुलाइ |
| 2 | 30 सितम्बर | 7 अक्तूबर |
| 3 | 31 दिसंबर | 7 जनवरी |
| 4 | 31 मार्च | अगले वित्त वर्ष की 30 अप्रैल |

**4.4.2 टीडीएस के भुगतान की विधि**

**4.4.2.1 धारा 200(2क) के अन्तर्गत पुस्तक प्रविष्टि द्वारा टीडीएस के भुगतान की स्थिति में पीएओ, निधि अधिकारी द्वारा अनिवार्य विवरण का ब्योरा**

सरकारी कार्यलय, जहां चालान (पुस्तक प्रविष्टि) की प्रस्तुति के बिना केंद्र सरकार को ऋण के तौर पर कर का भुगतान किया जाना हैं, की स्थिति में वेतन और लेखा अधिकारी अथवा निधि अधिकारी अथवा आहरित चेक तथा संवितरण अधिकारी अथवा अन्य किसी नाम का कोइ व्यक्ति जिसे ऋण काटने वाला कर कटौती के बारे में सूचित करता है अथवा केंद्र सरकार के ऋण में ऐसी राशि को डालने वाला

(क) 30 अप्रैल को या उससे पहले धारा 200(2क) के अंतर्गत प्रपत्र सं. 24छ में विवरण को जमा करें जहां विवरण मार्च महीने से संबंधित हो और अन्य किसी स्थिति में, कर कटौती करने वाले के द्वारा कर कटौती के संबंध में आयकर महानिदेशक (पद्धति) (टिन सुविधा सेवा केंद्र वर्तमान में मैसर्स राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लि. द्वारा व्यवस्थित की जाती है) द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसी में प्रासंगिक महीने के अंत में 15 दिनो में या उससे पहले और उस महीने के लिए उसे सूचित करना; और

(ख) कटौती की राशि के ऋण के संबंध में प्रत्येक कटौती करने वाले को एजेंसी द्वारा जनित संख्या (पुस्तक पहचान संख्या अथवा बिन के अनुसार) को सूचित करना चाहिए। बिन में प्रपत्र 24छ की पावती संख्या, प्रपत्र संत्र 24छ में डीडीओ अनुक्रम संख्या तथा कर के भुगतान की तिथि शामिल हैं।

**यदि पीएओ/सीडीडीओ/टीओ आदि जैसा ऊपर निर्दिष्ट हैं, धारा 200(2क) के अंतर्गत आपेक्षितानुसार विवरण को पहुंचाने में विफल होते हैं तो धारा 272(2)(ड) के अंतर्गत जुर्माने के तौर पर जुर्माने का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे जो रू. 100/- प्रतिदिन होगा जबतक विफलता जारी रहती हैं। हालांकि, ऐसे जुर्माने की राशि उस राशि से अधिक नहीं होनी चाहिए जो स्रोत पर कर कटौती हेतु कटौतीपूर्ण हैं।**

प्रपत्र 24छ के प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया का विवरण परिशिष्ट III में शामिल हैं। पीएओ/डीडीओ को पालन किए जाने वाले सही प्रक्रिया को समझने के लिए परिशिष्ट IV में एफएक्यू को ध्यान से पढ़ना चाहिए। क्रेंद सरकार मंत्रालय के जेडएओ/पीएओ अधिकारी मासिक आधार पर प्रपत्र सं. 24छ को दाखिल करने के लिए उत्तरदायी होंगे। राज्य सरकार के विभागों की स्थिति में प्रपत्र सं. 24छ को दाखिल करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति का विवरण परिशिष्ट V में दिया गया हैं।

प्रपत्र 24छ के प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया का विवरण परिशिष्ट IV. में दिया गया हैं। पीएओ/डीडीओ को पालन किए जाने वाले सही प्रक्रिया को समझने के लिए उसमें दिए गएं एफएक्यू को ध्यान से पढ़ना चाहिए।

**4.4.2.2 आयकर चालान द्वारा भुगतान**

(i) आयकर चालान द्वारा भुगतान किए जाने की स्थिति में ऐसे कटौतीयोग्य कर की राशि को भारतीय रिजर्व बैंक के किसी कार्यालय अथवा भारतीय स्टेट बैंक की किसी शाखा अथवा अन्य किसी प्राधिकृत बैंक में उक्त पैरा 4.4.1 की तालिका में निर्दिष्ट समय के भीतर प्रेषण द्वारा केंद्र सरकार के ऋण को जमा किया जा सकता है।

(ii) कंपनी तथा व्यक्ति (कंपनी को छोड़कर) जिस पर धारा 44कख के प्रावधान लागू हो, कटौती की गरइ राशि की स्थिति में, इलैक्ट्रानिक आयकर चालान सहित भारतीय रिजर्व बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक अथवा अन्य प्राधिकृत बैंक में इलैक्ट्रानिक प्रेषण किया जाएगा। (नियम 125)

राशि भारतीय रिजर्व बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक अथवा अन्य प्राधिकृत बैंक में इलैक्ट्रानिक प्रेषण के तौर पर समझी जाएगी यदि राशि निम्न प्रकार से प्रेषित की जाए

(क) भारतीय रिजर्व बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक अथवा अन्य प्राधिकृत बैंक की इंटरनेट सुविधा : अथवा

(ख) डेबिट कार्ड (नियम 30(7))

**4.5 कर कटौती जमा करने के विफल रहने पर ब्याज, जुर्माना व अभियोजन**

4.5.1 यदि व्यक्ति किसी भी स्रोत से कर का संपूर्ण अथवा कुछ भाग देने में असमर्थ रहता हैं तो अथवा कटौती के बाद निर्धारित समय में केंद्र सरकार के क्रेटिड में कर का संपूर्ण अथवा कुछ भाग देने में असमर्थ रहता हैं तो धारा 201 के प्रावधानों के अनुसार कार्रवारइ के लिए जिम्मेदार होगा तथा ऐसे कर के संबंध में निर्धारिती-दोषी के तौर पर समझा जाएगा तथा अधिनियम की धारा 221 के अंतर्गत कार्रवारइ के लिए उत्तरदायी होगा। आगामी धारा 201(1क) यह बताती हैं कि ऐसे व्यक्ति साधारण ब्याज के लिए उत्तरदायी होगा।

(i) कर के वसूले जाने वाली तिथि से ऐसे कर की राशि पर प्रत्येक माह अथवा माह के किसी अंश के लिए 1 प्रतिशत की दर पर तथा

(ii) प्रत्येक माह अथवा तिथि, जिस पर ऐसे कर का वास्तविक भुगतान किया गया था, से ऐसे कर की राशि वाले माह के किसी अंश पर एक तथा डेढ़ प्रतिशत

ऐसा ब्याज, वसूलनीय, अनिवार्य प्रकृति का हैं तथा संबंधित त्रैमासिक हेतु टीडीएस के त्रैमासिक विवरण के प्रस्तुतीकरण पर देय होगा।

ऐसा ब्याज, वसूलनीय, अनिवार्य प्रकृति का हैं तथा संबंधित त्रैमासिक हेतु टीडीएस के त्रैमासिक विवरण के प्रस्तुतीकरण पर देय होगा।

4.5.2 धारा 271ग साथ-साथ नीचे दर्शाती हैं कि यदि कोरइ व्यक्ति धारा 194 ख के दूसरे प्रावधानों के अनुसार संपूर्ण कर अथवा कर के किसी अंश अथवा सभी स्रोत से संपूर्ण कर अथवा कुछ अंश के भुगतान में असमर्थ

रहता हैं तो कर की राशि के समान कुल राशि को जुर्माने के तौर पर देना होगा जो जिसका उसने भुगतान अथवा कटौती न की हो।

4.5.3 आगे, धारा 276ख यह दर्शाती हैं कि यदि कोर्इ व्यक्ति, धारा 194ख के दूसरे प्रावधान के अंतर्गत सभी स्रोतों से कर की कटौती अथवा स्वयं के कर भुगतान, उपरोक्तानुसार निर्धारित समय के भीतर केंद्र सरकार को केंटिड का भुगतान करने में असफल रहता हैं तो वह एक अवधि, जो जुर्माने सहित 3 माह से 7 साल के बीच हो सकती हैं, सश्रम कारावास के साथ दंडित किया जाएगा।

**4.6 कर कटौती हेतु प्रमाण पत्र की प्रस्तुति (धारा 203)**

4.6.1 धारा 203 के अनुसार डीडीओ द्वारा कर्मचारी को टीडीएस की राशि के ब्यौरे तथा अन्य विवरण वाले प्रपत्र 16 में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आपेक्षित हैं। नियम 31 का प्रावधान हैं कि प्रपत्र 16 कर्मचारी को उस वित्त वर्ष जिसमें वेतन का भुगतान तथा कर कटौती की गर्इ थी, की समाप्ति के बाद 15 जून (02.06.2017 से प्रभावी) तक दिया जाना चाहिए। साथ ही साथ बैंक को पेंशन के भुगतान के समय काटे गए कर के लिए ऐसे प्रमाणपत्र को जारी करना चाहिए। प्रपत्र 16 की प्रति संलग्न है। प्रपत्र 16 में प्रमाणपत्र द्वारा निर्दिष्ट होगा

(क) कटौतीदाता की वैध स्थार्इ खाता संख्या (पैन)

(ख) कटौतीदाता का वैध कर कटौती तथा संग्रह खाता संख्या (टैन)

(ग) (i) पुस्तक पहचान संख्या अथवा संख्या (बिन) जहां सरकारी कार्यालय की स्थिति में कर कटौती का जमा चालान की बिना प्रस्तुति पर हुआ।

(ii) बैंक द्वारा भुगतान की स्थिति में पुस्तक पहचान संख्या अथवा संख्या (सिन')

*(* चालान पहचान संख्या (सिन) का अर्थ हैं ऐसा नंबर जिसमें बैंक शाखा, जहां कर का भुगतान किया गया हैं, जिस तिथि को कर का भुगतान किया गया हैं तथा बैंक द्वारा दिए गए चालान सिरियल नंबर, का मूल सांख्यकीय विवरणी (बीएसआर) कोड शामिल हैं)*

(घ) टीडीएस का सभी प्रासंगिक त्रैमासिक ब्यौरा की प्राप्ति संख्या (24थ) त्रैमासिक ब्यौरे की संख्या की प्राप्ति 8 अंकों की होती हैं।

आगे परिपत्र 04/2013 दिनांक 17.04.2013 के अनुसार सभी कटौतीकर्त्ता ( सरकारी कटौतीदाता, जो पुस्तक प्रविष्टि के द्वारा केंद्र सरकार के खाते में टीडीएस जमा करते है, सहित) अध्याय XVII-ख की धारा 192 के प्रावधानों के तहत 1 अप्रैल 2012 को अथवा के बाद कुल कटौती के संबंध में टीआरएसीर्इएस पोर्टल के माध्यम से जनरेट तथा तद्नुसार डाउनलोड करके तथा विधिवत सत्यापन और पुष्टि के बाद प्रपत्र सं 16 के भाग क को जारी करेगें। प्रपत्र सं. 16 के भाग क के पास विशिष्ट टीडीएस प्रमाणपत्र संख्या होनी चाहिए। प्रपत्र सं. 16 के भाग ख (परिशिष्ट) हाथ से कटौतीदाता द्वारा तैयार किया जाएगा तथा प्रपत्र 16 के भाग क सहित उचित सत्यापन तथा प्रमाणीकरण के बाद कटौतीदाता को जारी किए जाऐंगे।

यह ध्यान दिया जा सकता हैं कि नर्इ टीडीएस प्रक्रिया के अंतर्गत, कटौतीकर्त्ता द्वारा दाखिल टीडीएस विवरण की प्राप्ति संख्या तथा कटौतीदाता को टैन/कटौतीदाता का पैन कटौतीकर्ता को टीडीएस के ऑनलाइन ऋण की स्वीकृति के लिए विशिष्ट पहचान के तौर पर व्यवहार कर सकता हैं। इसलिए इन ब्यौरों को दाखिल करने में उचित सावधानी रखी जानी चाहिए। टीडीएस विवरण में सही सिन/बिन नंबर को इंगित करने में भी विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए।

यदि डीडीओ धारा 203 के अनुसार आपेक्षित संबंधित व्यक्ति को यह प्रमाणपत्र जारी करने में असफल रहता हैं तो धारा 272क(2)(छ) के अंतर्गत जुर्माने के तौर पर रू. 100/- प्रतिदिन जब तक यह प्रक्रिया जारी रहती हैं, भरने के लिए बाध्य होगे।

*हालांकि यह स्पष्ट किया जाता हैं कि टीडीएस प्रमाणपत्र जारी करने के लिए ऐसी कोर्इ बाध्यता नहीं है यदि सभी स्रोतों से कर*

*छूट तथा कटौतियों के दावे के आधार पर काटनेयोग्य/काटा नहीं गया हो।*

**(नोट : ट्रेसेज आयकर विभाग का वेब आधारित एप्लीकेशन हैं जो टीडीएस प्रबंधन से जुड़े हुए सभी हितधारकों को इंटरफेस होने का मौका मुहैया कराता है। इसके द्वारा चालान की स्थिति को देखों, राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड की डाउनलोडिंग, कोन्सों फाइल, दोषमुक्त रिपोर्ट तथा प्रपत्र 16/16क के साथ-साथ वार्षिक कर साख ब्यौरा (प्रपत्र 26धध) को देखा जा सकता हैं। प्रत्येक कटौतीकर्त्ता को ट्रेसेस पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत कराना अनिवार्य हैं। कटौतीदाताओं को जारी किए गए प्रपत्र 16/16क को ट्रेसेस पोर्टल से उत्सर्जित तथा डाउनलोड करना चाहिए।**

**टीडीएस प्रमाणपत्रों को प्राप्त करने तथा विवरण को भरने से संबंधित कुछ आवश्यक बिंदु नीचे निर्दिष्ट किए गए हैं :**

(क) टीडीएस प्रमाणपत्र (प्रपत्र 16) केवल कटौतीदाता के लिए उत्पन्न होंगे यदि कटौती करने वाले द्वारा तिमाही 4 में कटौतीकर्त्ता द्वारा प्रपत्र 24थ के परिशिष्ट II में वैध पैन को ठीक तरह से निर्दिष्ट किया गया हो। इसके अतिरिक्त, नियोक्ताओं को प्रपत्र 16 में यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती हैं कि प्रपत्र 24छ/ओएलटीएएस के संबंध में "मैचिंग" की स्थिति "एफ" हो। यदि मैचिंग की स्थिति "एफ" से अलग हो तो इसे सुधारने के लिए तुरंत आवश्यक कदम उठाएं। यहां यह निर्दिष्ट करना उचित होगा कि कटौतीदाताओं के लिए ब्यौरे के ऑनलाइन सुधार सहित कुछ सुविधाएं वेबसाइट www.idscpc.gov.in पर उपलब्ध करार्इ गर्इ हैं।

(ख) नियोक्ता को राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड आरपीयू (इसके पश्चात विवरणी निर्मित निति) के अनुसार प्रपत्र 24थ के परिशिष्ट I के स्तंभ 321 (भुगतान राशि/ऋण) में वेतन की सकल राशि (धारा 10 के अंतर्गत किसी राशि की छूट तथा अध्याय VI क के अंतर्गत कटौती सहित) उद्धृत करना चाहिए।

(ग) नियोक्ता को राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड आरपीयू के अनुसार प्रपत्र 24थ के परिशिष्ट II के स्तंभ 333 में धारा 10 के अंतर्गत किसी छूट को छोड़कर वेतन राशि को उद्धृत करना चाहिए।

(घ) टीडीएस के लिए प्रस्तुत वेतन' शीर्ष को छोड़कर किसी भी शीर्ष के अंतर्गत आय पर (भवन संपत्ति के घाटे सहित) स्तंभ में दिखाया गया है पर टीडीएस को राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड आरपीयू के अनुसार स्तंभ 350 (पिछले नियोक्ता द्वारा टीडीएस के सूचित वेतन) में दिखाया जा सकता हैं।

(ड) नियोक्ता को पूर्णांकित किए बिना परिशिष्ट II में कुल करयोग्य आय (स्तंभ 346) को उद्धृत करने की सलाह दी जाती हैं तथा टीडीएस उसके अनुसार यानि टीडीएस को भी पूर्णांकित किए बिना, काटा तथा सूचित किया जाना चाहिए।

उदाहरण :

| **कुल करयोग्य आय** | **कुल करयोग्य आय (पूर्णांकित)** | **काटा जाने योग्य टीडीएस** | **आय के पूर्णांकित किए जाने के बाद काटा/सूचित किया गया टीडीएस** | **अल्प कटौती** |
|---|---|---|---|---|
| रू. 13,50,094 | रू. 13,50,090 | रू. 2,35,028.20 | रू. 2,35,028 | रू. 1.20 |

4.6.2 यदि निर्धारिती वर्ष के दौरान एक से अधिक नियोक्ता द्वारा नियुक्त किया गया है तो प्रत्येक कर्मचारी को ऐसी अवधि,जिसमें

प्रत्येक नियोक्ता के साथ नियुक्त किए गए ऐसे निर्धारिती, से संबंधित प्रपत्र सं. 16 में प्रमाणपत्र के भाग क तथा भाग ख निर्धारिती के विकल्प पर पिछले नियोक्ता अथवा प्रत्येक नियोक्ता द्वारा जारी किया जा सकता हैं।

4.6.3. डिजिटल हस्ताक्षर द्वारा प्रमाणीकरण

(i) जहां प्रपत्र सं. 16 में प्रमाणपत्र जारी किया जाना हैं वहां, कटौतीकर्त्ता ऐसे प्रमाणपत्रों के प्रमाणीकरण के लिए डिजिटल हस्ताक्षरों का प्रयोग किया जा सकता हैं।

(ii) वाक्यांश (i) के अंतर्गत जारी प्रमाणपत्रों की स्थिति में निर्धारिती को सुनिश्चित करना चाहिए कि

(क) उक्त पैरा 4.6.1 में निर्दिष्ट शर्तें अनुपालन में हैं

(ख) एक बार प्रमाणपत्र के डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित हो जाने के पश्चात् प्रमाणपत्र की समाग्री परिवर्तनयोग्य नहीं होगी तथा

(ग) ऐसे प्रमाणपत्रों का लाग तथा नियंत्रण संख्या कटौतीकर्त्ता द्वारा नियंत्रित की जाएगी।

- ♦ डिजिटल हस्ताक्षरों का प्रयोग इंटरनेट पर अधिकतर र्इ-हस्तांतरण के प्रमाणीकरण के लिए किया जा सकता हैं क्यों ंकि डिजिटल हस्ताक्षर का प्रयोग कर जानकारी का हस्तांतरण असुरक्षित हैं। यह समय की बचत करता हैं विशेषकर ऐसे संगठनों में जहां बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद हैं क्योंकि हस्तरूपी कर कटौती वाले प्रमाणपत्र को जारी करने में काफी समय लगता है। (परिपत्र सं. 2, 2007 दिनांक 21.05.2007)

**4.6.4. अतिरिक्त आवश्यक वस्तुओं आदि से संबंधित विवरणों का प्रस्तुतीकरण (धारा 192 (2ग) :**

4.6.4.1 धारा 192 (2ग) के अनुसार, कर्मचारी को दिए जाने वाले वेतन के बदले पूर्वाकांक्षित अथवा लाभ के पूर्ण तथा सत्य विवरण को उपलब्ध कराने के उत्तरदायित्व ऐसे आय, यानि स्रोतों से कर कटौती के लिए उत्तरदायी व्यक्ति, के भुगतान हेतु उत्तरदायी व्यक्ति का होगा। ऐसे विवरणों का प्रपत्र तथा प्रणाली नियम 26क, प्रपत्र 12खक (परिशिष्ट II) तथा प्रपत्र 16 में निर्दिष्ट की गर्इ हैं। पूर्वाकांक्षित से संबंधित प्रक्रिया तथा मूल्य जानकारी प्रपत्र

12खक में नियोक्ता द्वारा उपलब्ध करार्इ जाएगी यदि दी गर्इ अथवा देययोग्य वेतन रू. 1,50,000/- से अधिक हो तो। अन्य मामलों में जानकारी नियोक्ता द्वारा स्वयं प्रपत्र 16 (भाग ख) में नियोक्ता द्वारा उपलब्ध करार्इ जाएगी।

4.6.4.2 नियोक्ता, जो इस परिपत्र के पैरा 3.2 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार कर्मचारी की ओर से पूर्वाकांक्षित पर कर अदा करता हैं, को ऐसे संबंधित कर्मचारी को प्रमाणपत्र जारी करना होगा जो केंद्र सरकार को कर का भुगतान करता हो तथा भुगतान की गर्इ राशि, ऐसी दर पर भुगतान किया गया हो तथा जिस पर संशोधित प्रपत्र 16 में कुछ अन्य विवरण हो, को निर्दिष्ट किया हो।

4.6.4.3 कर्मचारी को मुहैया कराए जाने वाले पूर्वाकांक्षित की राशि को दर्शाते हुए ब्यौरे के प्रस्तुतीकरण के लिए धारा 192 (2ग) के अंतर्गत नियोक्ता पर डाला गया उत्तरदायित्व नियोक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैं जो उनके तहत बनाए गए कानू्न तथा नियमों के मूल्यांकन के अनुसार निवर्हनीय हैं। कोर्इ भी असत्य जानकारी, जाली दस्तावेज अथवा पूर्वाकांक्षित संबंधित जानकारी छिपाने की स्थिति में कानून के तहत अपरिहार्य परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा। उक्त निर्दिष्ट प्रपत्र 16 तथा/अथवा प्रपत्र 12खक में प्रमाणपत्र ऐसे वित्त वर्ष जिसमें वेतन का भुगतान किया गया हो तथा कर वसूला गया हो, के तुरंत बाद के वित्त वर्ष की 31 मर्इ तक कर्मचारी को दे दिया जाएगा। यह वह धारा 192 (2ग) के अनुसार आपेक्षित संबंधित व्यक्ति को यह प्रमाणपत्र जारी करने में असफल रहता हैं तो धारा 272क(2)(i) के अंतर्गत जुर्माने के तौर पर रू. 100/- प्रतिदिन जब तक यह प्रक्रिया जारी रहती हैं, भरने के लिए बाध्य होगे।

अधिनियम की धारा 139ग के अनुसार आंकलन अधिकारी नियोक्ता द्वारा जारी प्रपत्र 16 के साथ प्रपत्र 12खक को प्रस्तुत करने के लिए करदाता से मांग कर सकते हैं।

**4.6.5 डीडीओ को धारा 192 (2घ) के अंतर्गत निर्धारित दावे (हानि के निर्धारण के लिए दावे सहित) के प्रमाण अथवा ब्यौरे के सबूत को प्राप्त करने में सक्षम है।**

डीडीओ को कथित धारा के अंतर्गत कटौतीयोग्य कर की राशि की गणना अथवा निर्धारिती की आय के अनुमान के उद्देश्य के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कुछ हानि को निर्धारित अथवा कुछ कटौती, छूट अथवा भत्तों को स्वीकृत करने हेतु धारा 192 के अंतर्गत प्राधिकृत किया गया हैं। कर्मचारी द्वारा दावा किए गए कुछ कटौतियां/छूट/भत्ते/हानि निर्धारण के लिए प्रमाण/सबूत/ब्यौरे जैसे एचआरए में कटौती के दावे के लिए किराया प्राप्ति, स्व: अधिकृत गृह संपत्ति आदि, से हानि का दावा डीडीओ हेतु उपलब्ध नहीं हैं। इस मामले में निश्चितता तथा एकरूपता लाने के लिए, धारा 192(2घ) मुहैया कराती है कि भुगतान (डीडीओ) के लिए उत्तरदायी व्यक्ति निर्धारिती प्रमाण या प्रमाण या विशेष दावो के शीर्षक "गृह संपत्ति से आय" के अंतर्गत जैसे गृह किराया भत्ता (जहां कुल वार्षिक किराया एक लाख रूपए से अधिक है) अवकाश यात्रा रियायत या सहायता के प्रमाण को प्राप्त करेगा और नियमों के नियम 26ग द्वारा निर्धारित निर्धारित प्रपत्र 12खख के अनुसार अध्याय VI-क के अंतर्गत कटौती होगी। प्रपत्र 12खख परिशिष्ट IIक के अनुसार संलग्न है।

**4.7 पैन तथा टैन का अनिवार्य उद्धृतीकरण**

4.7.1 अधिनियम की धारा 203 क स्रोतों से कर कटौती के लिए सभी उत्तरदायी व्यक्तियों के लिए यह अनिवार्य करता हैं कि वह चालान, टीडीएस-प्रमाणपत्र, ब्यौरे तथा अन्य प्रमाणपत्रों में खाता सं. (टैन) का एकत्रीकरण तथा काटे गए कर को उद्धृत तथा प्राप्त करें। इस संबंध में जानकारी इस विभाग के परिपत्र सं. 497 (एफ. सं. 275/118/87-आर्इटी(ख) दिनांक 9.10.1987) में उपलब्ध हैं। यदि कोर्इ व्यक्ति धारा 203क के अंतर्गत प्रावधानों इसका अनुपालन नहीं करता हैं तो वह धारा 272 खख के अंतर्गत कुल दस हजार रूपए के जुर्माने के लिए उत्तरदायी होगा। इसी प्रकार धारा 139क (5ख) के अनुसार स्रोतों से कर देने वाले सभी व्यक्तियों के लिए यह अनिवार्य हैं कि उन व्यक्तियों, जिनका आयकर धारा 192 (2ग) के अंतर्गत प्रस्तुत ब्यौरे, धारा 203 के अंतर्गत प्रस्तुत प्रमाणपत्रों तथा अधिनियम की धारा 200(3) के प्रावधानों के अनुसार तैयार तथा प्रेषित सभी ब्यौरों, में कटौती की गर्इ हैं।

4.7.2 सभी कटोतीकर्ताओं को प्रपत्र सं. 24थ (वेतन से की गर्इ कर कटौती) में टीडीएस ब्यौरे को दाखिल करना होगा। क्योंकि आय की विवरणी सहित टीडीएस प्रमाणपत्रों को दाखिल करने की आवश्यकता को पूरी तरह साथ किया गया हैं इसलिए कटोतीकर्ताओं के पैन की कमी कर देने वालों के लिए ऋण देते समय समस्या उत्पन्न करते हैं। इसलिए कर कटोतीकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वह प्रपत्र 24थ में वेतन के लिए टीडीएस ब्यौरे में सभी कटौतियों के सही पैन विवरण को प्राप्त तथा उद्धृत करें। करदाताओं को अपने कटौतीदाताओं अपने सही पैन को प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। कटोतीकर्ता (नियोक्ता) को कटौती करवाने वाले (कर्मचारी) द्वारा पैन न प्रस्तुत करने पर नीचे दिए गए पैरा 4.8 में निर्दिष्ट अधिनियम की धारा 206कक के अनुसार उच्च दर पर टीडीएस काटने का अधिकार है।

4.8 कर्मचारी द्वारा पैन प्रस्तुति की अनिवार्यता (धारा 206कक) :

4.8.1 अधिनियम में धारा 206कक के अनुसार आय अथवा राशि जिस पर कर कटौतीयोग्य हैं, की किसी भी कुल प्राप्ति की स्थिति में कर्मचारी द्वारा पैन प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। यदि कर्मचारी (कटौती कराने वाला) कटौतीदाता को अपना पैन प्रस्तुत करने में असफल होता हैं तो कारदाता को निम्न उच्च दरों के हिसाब से टीडीएस कटाने का अधिकार होगा :-

i) इस अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों में निर्दिष्ट दरों पर अथवा

ii) प्रवृत्त दर अथवा दरों पर अथवा

iii) बीस प्रतिशत की दर पर

कटोतीकर्ता को समस्त तीन शर्तों में कर राशि को निर्धारित करना हैं तथा टीडीएस की उच्चतम दर को लागू करना हैं। हालांकि, जहां धारा 192 के अंतर्गत टीडीएस के लिए आंकी गरइ कर्मचारी की आय करयोग्य सीमा से कम होती हैं तो किसी कर की कटौती नहीं की जाएगी। लेकिन जहां धारा 192 के अंतर्गत टीडीएस के लिए आंकी गरइ कर्मचारी की आय कराधान से अधिक होती हैं तो कटोतीकर्ता धारा 192 में मुहैया कराए गए अनुसार प्रवृत्त दरों पर आधारित कर की आय की औसत दर की गणना करेगा। यदि ऐसा आंका गया कर 20 प्रतिशत से कम होता हैं तो कर की कटौती 20 प्रतिशत की दर पर की जाएगी तथा यदि औसत दर 20 प्रतिशत से अधिक होता हैं तो कर औसत दर पर आंका जाना हैं। 4 प्रतिशत पर स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर को नहीं काटा जाना है यदि कर अधिनियम की धारा 206कक के अंतर्गत काटी जाती है

**4.9 धारा 200(3) कें अंतर्गत कर कटौती का विवरण (टीडीएस का त्रैमासिक ब्यौरा)**

4.9.1 कर कटौती (वेतनमान की स्थिति में नियोक्ता) करने वाले व्यक्ति को प्रत्येक वित्त वर्ष की अवधि (विवरण नीचे तालिका में) के लिए प्रपत्र 24थ में टीडीएस के त्रैमासिक ब्यौरे के विधिवत सत्यापन को आयकर महानिदेशक (पद्धति) द्वारा प्राधिकृत टिन सुविधा केंद्रों पर जो वर्तमान में मैसर्स राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लि. (राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड) द्वारा संचालित की जा रही हैं या कटौती करने वाले के तौर पर पंजीकरण के बाद www.incometaxindiaefiling.gov.in पर जमा करना आपेक्षित हैं। किसी भी टिन सुविधा केंद्रों पर रइ-टीडीएस मध्यस्त का ब्यौरा http://www.incometaxindia.gov.in तथा http://tin-nsdl.com पोर्टल पर उपलब्ध हैं। टीडीएस की वार्षिक विवरणी को दाखिल करने की अनिवार्यता पूरी तरह से प्रभावी तिथि 1.4.2006 तक हो जानी चाहिए। प्रपत्र 24थ (अधिसूचना सं. एस.ओ. 704(रइ) दिनांक 12.5.2006) अंतिम तिमाही हेतु दाखिल हुए तिमाही ब्यौरा टीडीएस की वार्षिक विवरणी के तौर पर समझा जाएगा। त्रैमासिक आधार पर इस ब्यौरे को दाखिल की नियत तिथि तालिका में निम्नाुसार हैं :-

तलिका : प्रपत्र 24थ में श्रेमासिक विवरण दाखिल करने की देय तिथि

| क्र.सं. | वित्त वर्ष की तिमाही की समाप्ति की तिथि | नियत तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 30 जून | वित्त वर्ष की 31 जुलारइ |
| 2 | 30 सितंबर | वित्त वर्ष की 31 अक्टूबर |
| 3 | 31 दिसंबर | वित्त वर्ष की 31 जनवरी |
| 4 | 31 मार्च | वित्त वर्ष जिसमें कटौती होती है के तुरंत बाद के वित्त वर्ष की 31 मरइ |

4.9.2 उक्त निर्दिष्ट ब्यौरे को आयकर महानिदेशक (पद्धति) द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रियाओं, प्रारूप तथा मानदंडों के अनुसार इलैक्ट्रानिक प्रक्रिया के माध्यम सत्यापित के प्रपत्र 27क में ब्यौरे के सत्यापन सहित अथवा डिजिटल हस्ताक्षर के अंतर्गत इलैक्ट्रानिक अथवा प्रपत्र रूप में प्रस्तुत किया जा सकता हैं। रइ-टीडीएस/डीसीएस ब्यौरे को प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया परिशिष्ट VI में ब्यौरेवार दी गरइ है।

4.9.3 प्रपत्र 24थ में सभी विवरणियों को 20% से कम कटौती के आंकड़ों तथा करदाता के सरकारी कार्यालय न होने अथवा अधिनियम (नियम 3क(3)) की धारा 44कख के अंतर्गत अपने खाते को अंकेक्षित करने वाले व्यक्ति को छोड़कर सभी विवरणी इलैक्ट्रानिक रूप से प्रस्तुत करना आपेक्षित हैं।

**4.9.4 ब्यौरो को प्रस्तुत करने में चूक के लिए शुल्क (धारा 234ड़) :**

यदि कोरइ व्यक्ति 1.07.2012 को अथवा के पश्चात् स्रोतों से कर के संबंध में धारा 200 (3) में निर्दिष्ट समय के भीतर ब्यौरा देने अथवा देने के कारण को बताने में असफल रहता हैं तो शुल्क के तौर पर रू. 200/- प्रतिदिन जब तक यह प्रक्रिया जारी रहती हैं, भरने के लिए बाध्य होगे। हालांकि, ऐसे शुल्क के लिए राशि कर, जिसके लिए

स्रोतों से कर वसूला गया था, की राशि से अधिक नहीं होगा। यह शुल्क अनिवार्य होगा तथा ऐसे ब्यौरे की प्रस्तुती से पूर्व देना होगा।

**4.9.5 टीडीएस ब्यौरे को दाखिल करने में होने वाली चूक का सुधार**

डीडीओ पहले दिए गए ब्यौरे में प्रस्तुत जानकारी को अद्यतन, जोड़ने, हटाने अथवा किसी त्रुटि को सही करने के लिए सुधार वक्तव्य भी दे सकता हैं।

**4.9.6 ब्यौरा प्रस्तुत करने में असफल अथवा गलत सूचना प्रस्तुति हेतु जुर्माना (धारा 271ज)**

यदि कोर्इ व्यक्ति 1.07.2012 को अथवा के पश्चात् स्रोतों से कर के संबंध में धारा 200 (3) में निर्दिष्ट समय के भीतर अथवा गलत ब्यौरा देने अथवा देने के कारण को बताने में असफल रहता हैं तो जुर्माने के तौर पर कम से कम रू. 10000/- जो रू. 1,00,000/- तक बढ़ार्इ जा सकती हैं, भरने के लिए बाध्य होगे। हालांकि, यदि व्यक्ति यह साबित कर दें कि उसने केंद्र सरकार के क्रेडिट को शुल्क तथा ब्याज, यदि हो, के साथ टीडीएस को भेजने के बाद ब्यौरा देने के लिए निर्धारित समय से एक वर्ष की अंतिम तिथि से पूर्व ऐसे ब्यौरे को वह भेज चुका था, तो उस पर कोर्इ जुर्माना नहीं लगया जाएगा।

4.9.7 कर कटौती के ब्यौरे को तैयार करते समय, कटौतिकर्त्ता के लिए अनिवार्यता :-

(i) ब्यौरे में खाता संख्या (टैन) का संग्रहण तथा उसका कर कटौती उद्धृत अनिवार्य

(ii) कटौतिकर्त्ता के सरकारी (राज्य सरकार सहित) कार्यालय की स्थिति को छोड़कर ब्यौरे में उसकी स्थार्इ खाता संख्या (पैन) को उद्वृता अनिवार्य। सरकारी उद्धृता की स्थिति में "पीएएनएनओटीआरर्इक्यडी" को र्इ-टीडीएस ब्यौरे में उद्धृत किया जाना हैं।

(iii) सभी कटौतिदाताओं के पैन को उद्धृत करना अनिवार्य

(iv) पुस्तक पहचान संख्या अथवा चालान पहचान संख्या जो भी स्थिति हो, सहित केंद्र सरकार को दिए जाने वाले कर के विवरण का प्रस्तुतीकरण

(v) देय राषि अथवा क्रेटिड जिस पर प्रापक के आंकलन अधिकारी द्वारा धारा 197 के अंतर्गत कोर्इ कटौती नहीं वाले प्रमाणपत्र के निगर्मन के अनुसार कर नहीं काटा गया, के विवरण का प्रस्तुतीकरण

**4.10 पेंशन से आय पर टीडीएस**

राष्ट्रीयकृत बैंक से पेंशन प्राप्त करने वाले, जो अपनी पेंशन (जीवनसाथी को मिलने वाली पारिवारिक पेंशन नहीं) पेंशन प्राप्त करने वालो की स्थिति में इस परिपत्र में शामिल निर्देश उसी रूप में लागू होंगे जैसे वह वेतन-आय के मामले में लागू होतें है। जीवन बीमा, भविष्य निधि, एनएससी आदि के कारण धारा 80ग के अंतर्गत पेंशन की राशि से कटौती की स्वीकृति दी जा सकती हैं यदि पेंशन पाने वाला बैंक को प्रासंगिक विवरण प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में आरबीआर्इ द्वारा पेंशन परिपत्र (केंद्रीय श्रृखंला) सं. 7/सी.डी.आर/1992 (संदर्भ सीओ: डीजीबीए: जीए (एनबीएस) सं. 60/जीए.64 (11सीवीएल)-/92) दिनांक 27 अप्रैल 1992 के मार्फत भारतीय रिर्जव बैंक द्वारा भारतीय स्टेट बैंक तथा अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों को आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके है तथा सभी बैंकों, जिन्हें पेंशन के भुगतान के सुपुर्द किया गया हैं, की शाखाओं द्वारा इन निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। आगे, बैंकों की सभी शाखाएं केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड कें परिपत्र सं. 761 दिनांक 13.1.1998 के मार्फत पेंशन पाने वाला को प्रपत्र 16 में कटौतीयोग्य कर के प्रमाणपत्र को धारा 203 के अंतर्गत जारी करने के लिए बाध्य है।

**4.11. गैर-निवासियों की स्थिति में किए जाने वाले टीडीएस से संबंधित मामले**

4.11.1 गैर निवासियों के भारत में काम करने तथा नियोक्ता, यदि पहले ही भारत छोड़ चुके होने की स्थिति में कर्मचारी को देय राशि, द्वारा कर वहन करने तथा आंकलन आदेश के पास होने के समय भारत के बैंक में कोर्इ खाता न होने की स्थिति में प्रतिदाय नियोक्ता को जारी किया जा सकता हैं क्योंकि कर उसके द्वारा वहन किया गया हैं। (परिपत्र सं. 707 दिनांक 11.07.1995)

4.11.2 गैर-निवासियों के संबंध भारत में की गर्इ सेवा हेतु दिए जाने वाला वेतन भारत में कमार्इ जाने वाली आय के तौर पर मानी जाएगी। अधिनियम में विशेष रूप से निर्दिष्ट हैं कि विश्राम अवधि अथवा अवकाश अवधि, इसमें भारत में अग्रिमिता अथवा दूसरी जगह लेना तथा रोजगार के सेवा अनुबंध शामिल हैं, के लिए किसी भी प्रकार का वेतन भारत में कमाए जाने वाले वेतन के तौर पर समझा जाएगा।

**5. शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत आय की गणना**

**5.1 शीर्षक "वेतन" के अंतर्गत आदेय आय**

(1) निम्नलिखित आयशीर्ष, 'वेतन' विषय के अंतर्गत आयकर के प्रति देययोग्य मानी जाएगी

(क) पिछले वर्ष, चाहे भुगतान किया हो अथवा नहीं, के निर्धारिती हेतु पूर्व नियोक्ता अथवा नियोक्ता, से आदेय कोर्इ वेतन

(ख) नियोक्ता अथवा पूर्व नियोक्ता द्वारा अथवा की ओर से पिछले वर्ष के दौरान कोर्इ दिया हुआ वेतन अथवा उसे स्वीकृत किया हुआ वेतन यदि उसके लिए नियत न होने अथवा नियत होने की स्थिति में

(ग) नियोक्ता अथवा पूर्व नियोक्ता के द्वारा अथवा की ओर से पिछले साल के दौरान वेतन को कोर्इ बकाया भुगतान किया हुआ अथवा भुगतान के लिए स्वीकृत किया हुआ, यदि पिछले साल के लिए आयकर न वसूला गया हो तो।

(2) संदेह को दूर करने के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि अग्रिम में कोर्इ भी दिया गया वेतन

किसी भी पिछले साल के लिए किसी व्यक्ति की कुल आय में शामिल होगा तथा इसे उस व्यक्ति की कुल आय में शामिल नहीं किया जाएगा जब उसका वेतन देय होगा।

कोर्इ भी वेतन पारितोषिक, छूट अथवा पारिश्रमिक जो भी नाम हो, फर्म के हिस्सेदार द्वारा देय अथवा प्राप्त आय को "वेतन" के तौर पर नहीं समझा जाएगा।

**5.2 वेतन के स्थान पर (धारा 17) "वेतन" "पूर्वाकांक्षित" तथा "लाभ" की परिभाषा:**

5.2.1 "वेतन" में शामिल है

i मेहनताना, शुल्क, पारितोषिक, पूर्वाकांक्षित, लाभ के स्थान पर, वेतन के अलावा, अग्रिम वेतन, वार्षिकी अथवा पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश आदि के नकदीकरण के संबंध में भुगतान

ii अधिनियम की चौथी अनुसूची के भाग क के नियम 6 में शामिल प्राधिकृत भविष्य निधि से संबंधित कर्मचारी के ऋण के वार्षिक संवृद्धि का भाग

क) कर्मचारी के वेतन के 12 प्रतिशत से अधिक प्राधिकृत भविष्य निधि में कर्मचारी के खाते में नियोक्ता द्वारा किया गया योगदान

ख) अब तक कर्मचारी के शेष राशि पर दिया गया ब्याज केंद्र सरकार (प्रभावी तिथि 01.09.2010 को दर 9.5 प्रतिशत पर निश्चित की गर्इ-अधिसूचना सं. एसओ 1046 (र्इ) दिनांक 13.05.2011) द्वारा निर्धारित ऐसी दर से अधिक मान्य किया जा सकता है।

iii धारा 80गगघ (इस परिपत्र का पैरा 5.5.3) में संदर्भित अधिसूचना एफ.एन. 5/7/2003-र्इसीबीएंडपीआर दिनांक 22.12.2003 के मार्फत नर्इ पेंशन योजना के अंतर्गत कर्मचारी के खाते में केंद्र सरकार अथवा अन्य नियोक्ता द्वारा योगदान किया जाएगा।

यह ध्यान दिया जाए कि, जब से वेतन में पेंशन शामिल हुर्इ, स्रोत से कर पेंशन से भी काटा जाएगा अन्यथा जबतक आवश्यकता हो। हालांकि, धारा 10 (10क) के अंतर्गत छूट की सीमा तक पेंशन का रूपांतरित भाग के लिए कर कटौती करना आपेक्षित नहीं हैं।

परिवारिक पेंशन "अन्य स्त्रोंतों से आय" शीर्षक के अंतर्गत कर देययोग्य है तथा "वेतन" शीर्षक के अतर्गत देययोग्य नहीं होगी। इसलिए अधिनियम की धारा 192 के प्रावधान प्रयोज्यनीय नहीं हैं। अत: व्यक्ति को दी गर्इ पारिवारिक पेंशन के लिए कोर्इ टीडीएस आपेक्षित नहीं हैं।

5.2.2 रियायत में शामिल है :-

I नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को उपलब्ध कराए जाने वाले निशुल्क आवास के किराए की राशि

II नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को उपलब्ध कराए जाने वाले किसी आवास के संबंध में किसी छूट की राशि

III किसी भी लाभ अथवा निशुल्क अथवा कम दरों पर दी गर्इ सुविधा की राशि निम्नलिखित मामलों में से किसी पर लागू होगी

i कंपनी द्वारा कर्मचारी को जो ऐसी कंपनी का निदेशक हो

ii कंपनी द्वारा कर्मचारी को जो जिसका कंपनी में वास्तविक हित हो

iii कंपनी द्वारा (कंपनी संहित) कर्मचारी को जो उक्त (i) तथा (ii) बिंदुओं के तहत शामिल नहीं होते हो तथा जिनकी आय "वेतन" ( चाहे एक अथवा एक से अधिक नियोक्ता द्वारा देय अथवा भुगतान की हो अथवा स्वीकृति दी हो), मौद्रिक भुगतान, रू. 50,000/- से अधिक, के रूप में उपलब्ध न करार्इ गर्इ हो तथा सभी लाभों की राशि को छोड़कर

(किराए के संबंध में छूट का गठन अधिनियम की धारा 17(2) (ii) में नीचे विवरण 1 से 4 में निर्दिष्ट की गर्इ हैं)

IV जो कि निर्धारिती द्वारा दी जाए अन्यथा किसी कार्य के संबंध में नियोक्ता द्वारा दी गई कोर्इ भी कुल राशि

V धारा 17 के अंतर्गत नियोक्ता द्वारा दिया जाने वाली कोर्इ भी कुल राशि, चाहे प्रत्यक्ष हो अथवा निधि के तौर पर, प्राधिकृत भविष्य निधि अथवा प्राधिकृत पेंशन पूंजी अथवा अन्य निर्दिष्ट पूंजी को छोड़कर, वार्षिक अनुबंध को अथवा निर्धारिती के जीवन के बीमा को प्रभाव में लाने के लिए।

VI नियोक्ता अथवा पूर्व नियोक्ता द्वारा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से हस्तांतरित अथवा आवंटित परिश्रम इक्विटी शेयर अथवा निर्दिष्ट प्रतिभूति की राशि, इस उद्देश्य के लिए तथा कर्मचारी को मामूली दर पर अथवा निशुल्क

(क) "निर्दिष्ट प्रतिभूति" अर्थात् प्रतिभूति संविदा (नियामक) अधिनियम, 1956 की धारा 2(ज) में निर्दिष्टानुसार प्रतिभूति तथा कर्मचारी पूंजी विकल्प किसी योजना अथवा नीति के अंतर्गत स्वीकृत की गर्इ हैं, ऐसी योजना तथा नीति के अंतर्गत दी गर्इ प्रतिभूति सहित।

(ख) "पारिश्रमिक इक्विटी शेयर" अर्थात् राशि योग अथवा बौद्धिक संपदा के रूप में उपलब्ध अधिकारों के प्रयोग अथवा तकनीकी जानकारी को उपलब्ध करने के लिए नकद को छोड़कर विचार हेतु अथवा छूट पर कंपनी के कर्मचारियों अथवा निदेशकों द्वारा जारी इक्विटी शेयर, जो भी नाम हो

(ग) कोर्इ निर्दिष्ट प्रतिभूति अथवा पारिश्रमिक इक्विटी की राशि तिथि, ऐसी प्रतिभूति के संबंध में निर्धारिती द्वारा प्राप्त अथवा वास्तविक भुगतान राशि द्वारा कम किए जाने के अनुसार निर्धारिती द्वारा प्रदत्त विकल्प का प्रयोग किया गया था, पर पारिश्रमिक इक्विटी शेयर, अथवा निर्दिष्ट प्रतिभूति, जो भी स्थिति हो, की सही बाजारी कीमत के अनुसार होनी चाहिए।

(घ) उचित बाजार मूल्य अर्थात् निर्दिष्टानुसार (आयकर नियम के नियम 3(9) को संदर्भित करें) विधि के अनुसार निर्धारित राशि

(ड) "विकल्प" अर्थात् अधिकार लेकिन पूर्व-निर्धारित मूल्य पर पारिश्रमिक इक्विटी शेयर अथवा निर्दिष्ट प्रतिभूति के आवेदन के लिए नियोक्ता द्वारा स्वीकृत कार्य नहीं।

VII. निर्धारिती के संबंध में नियोक्ता द्वारा स्वीकृत पेंशन राशि के लिए कोर्इ भी योगदान राशि, एक लाख रूपए की सीमा से अधिक तथा

VIII अन्य कोर्इ अनुषंगी लाभ अथवा सुविधा की राशि नियम 3 में निर्धारितानुसार

5.2.2क ऐसे लाभ तथा सुविधा के मूल्यांकन हेतु नियम नियम 3 में दिए गए हैं जो निम्नानुसार हैं :-

**I नियोक्ता द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाली आवासीय सुविधा (नियम 3(1)) :-**

भवन में शामिल हैं आवास, फ्लैट, फार्म हाउस अथवा उसका कोर्इ भाग, होटल परिसर, मोटल, सर्विस अपार्टमेंट, अतिथि कक्ष, कारावैन, मोबाइल घर, जहाज अथवा अन्य तैरने वाला ढ़ाचा

क बिना किराये वाले असुसज्जित आवास की रियायत के मूल्यांकन के लिए सभी कर्मचारियों को दो श्रेणियों में विभक्त किया गया है :-

(i) केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए भवन की राशि ऐसे भवन के लिए दिए जा रहे लार्इसेंस शुल्क के समान हैं क्योंकि कर्मचारी द्वारा वास्तविक किराया तक कम किया जाता है। स्वायत्त, अर्ध-स्वायत्त संस्थानों, पीएसयू/पीएसर्इ व सहायक कंपनियों, विश्वविद्यालयों आदि के कर्मचारी इस मूल्यांकन गणना के तहत नहीं आते।

(ii) अन्य सभी के लिए यानि वे वेतन योगी करदाता जो केंद्र तथा राज्य सरकार के कर्मचारी नहीं हैं, भवन के संबंध में भवन का मूल्यांकन नीचे दी गर्इ तालिका के अनुसार निर्धारित हैं :

क) जहां कर्मचारी को उपलब्ध किया जाने वाला भवन नियोक्ता द्वारा खरीदा गया है

| क्र.सं. | 2001 जनगणना के अनुसार जनसंख्या वाले शहर | रियायत |
|---|---|---|
| 1 | 25 लाख से अधिक | वेतन का 15 प्रतिशत |
| 2 | 10 लाख से अधिक किंतु 25 लाख से कम | वेतन का 10 प्रतिशत |
| 3 | अन्य स्थानों के लिए | वेतन का 7.5 प्रतिशत |

ख) **जहां ऐसा उपलब्ध कराया गया भवन नियोक्ता द्वारा पट्टे/किराये पर लिया जाता है :**

